दैनिक
# पब्लिक मीडिया
नई सोच नई खबर.
dainikpublicmedia.com | Reg.No.RJ 33-0014232
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 9414833063,9601833063,
प्रधान संपादक विनोद गर्ग
सलूम्बर, सेमारी, झल्लारा,इंटाली खेड़ा, बडावली, जयसमंद, जगत,अदवास, गिंगला, कुराबड़,



## मिलावटखोरों पर प्रशासन का बड़ा प्रहार: 2000 खराब कुल्फी नष्ट, सड़ा मावा फेंका, मिठाइयों के सैंपल जांच को भेजे

**दैनिक पब्लिक मीडिया।**






सलूंबर। जिले में आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार को सख्त कार्रवाई की। 'शुद्ध आहार–मिलावट पर वार' अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लसाड़िया, लोदा और अग्गड़ क्षेत्र में ताबड़तोड़ निरीक्षण कर मिलावटखोरों की पोल खोल दी। निरीक्षण के दौरान टीम को कई स्थानों पर भारी अनियमितताएं मिलीं। कार्रवाई करते हुए करीब 2000 खराब और संदिग्ध कुल्फियों को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। इसके साथ ही लगभग 15 किलो सड़ा हुआ मावा भी जब्त कर नष्ट किया गया, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक था। टीम ने विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों से 5 अलग-अलग मिठाइयों के नमूने भी लिए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मिलावटखोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और आमजन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम बताया है।

**दैनिक पब्लिक मीडिया।**

## सेन समाज विकास संस्थान ने मनाई 726वीं सैन जयंती



सलूम्बर । संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वीं जयंती मंगलवार को सेन समाज विकास संस्था द्वारा सलूम्बर शहर में धूमधाम से मनाई गई। सेन समाज विकास संस्थान ने सुबह सेन भक्तों द्वारा दूध तलाई स्थित निर्माणाधीन नारायणी माता और श्री सेनजी महाराज मंदिर में मातेश्वरी और संत शिरोमणि सैन जी महाराज की पूजा अर्चना कर कृष्ण भक्त श्री सेन जी महाराज को लड्डू भोग प्रसाद से जिमाया गया। समारोह में क्षेत्र के लगभग 300 सेन भक्तों में उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि शंकर लाल बारबर पूर्व प्राचार्य, अध्यक्षता इन्दर लाल सैन, विशिष्ट अतिथि महेश चंद्र सेन, नाथु लाल सेन, ईश्वर सेन, भगवान लाल नाई, कैलाश नाई, गटु सेन और रमण सेन रहे। माहेश्वरी नोहरें से डिजे के साथ संत श्री शिरोमणि सेनजी महाराज की नाचतें गाते हुए भव्य शोभा यात्रा आजाद मोहल्ला, होली चौक, गांधी चौक होते हुए दूध तलाई स्थित सेन जी महाराज व नारायणी माता मंदिर पहुंची जहाँ पर विधि विधान से ध्वजा परिवर्तन कि गई माहेश्वरी नोहरे मे अतिथियों का आयोजन समिति ने तिलक माल्यार्पण एवं उपरना ओढकर स्वागत किया सचिव सुरेश सेन ने संस्थान की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तत्पश्चात आयोजन समिति ने 40 भामाशाह का सम्मान ऊपरना ओढा कर किया जिसमे प्रमुख नारायण सेन सलूम्बर कैलाश सेन नाथू जी, स्वर्गीय गोवर्धन जी का परिवार मुकेश जी भबराना कुणाल सेन शंकर लाल बारबार और स्वर्गीय लाला जी के परिवार थे समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पारितोषिक वितरित कर प्रेरित किया 10 महिलाओ और युवतियाँ का, गरबा रास प्रतियोगिता मे निर्णायक धर्मेन्द्र सेन ने प्रथम द्वीतीय स्थान प्राप्त करने वालों का चयन कर सम्मान किया गया, श्री सेनजी महाराज की महा आरती शुभम सेन एवं उसके परिबार जनों ने की और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुष्कर सेन, हिरा लाल सेन, देवी लाल, धर्मेंद्र सेन, पुष्कर सेन नांदली, प्रकाश सेन, कैलाश सेन गजेन्द्र सेन, कालू लाल सेन गणेश लाल सेन फुलवान्ति देवी सलूम्बर जोरावर जी कमलेश सेन मनीष सेन प्रकाश सेन चावण्ड ललित सेन नांदली टोकर वाले रमेश सेन निठाउवा महिला मण्डल सदस्य समिति, लोकश सेन, लालू राम सेन, ईश्वर सेन,, नवीन सेन, नाथूजी सेन और सेन भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सयोजन लोकेश सेन और भूपेंद्र सेन ने किया।

## पुलिस स्थापना दिवस पर ज्ञान की कसौटीः 'राजस्थान को जानो' क्विज में प्रतिभाओं ने दिखाई चमक, एसपी विश्नोई ने किया सम्मानित



न्यूज | दैनिक पब्लिक मीडिया।

सलूम्बर। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर सलूंबर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों में जागरूकता और सामान्य ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'राजस्थान को जानो' विषय पर एक रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कार्यक्रम में जिले भर से आए विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और राजस्थान के इतिहास, संस्कृति, भूगोल तथा प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कई प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक विश्नोई ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल ज्ञानवर्धन करती हैं, बल्कि युवाओं को अपने राज्य और समाज के प्रति जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ और पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया।

## बिना लाइसेंस 'इलाज का खेल' बंदः सलूंबर में अवैध क्लीनिक सील, एक्स-रे मशीन जब्त, संचालक पर मामला दर्ज

**दैनिक पब्लिक मीडिया।**






सलूंबर। जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. के निर्देश पर गठित टीम ने बाइपास रोड स्थित जयंत हॉस्पिटल एवं एक्स-रे लैब पर छापा मारकर क्लीनिक को सीज कर दिया। जांच के दौरान सामने आया कि अस्पताल बिना आवश्यक लाइसेंस और मान्यता के संचालित किया जा रहा था। टीम ने मौके पर ही एक्स-रे मशीन को जब्त कर लिया, वहीं दस्तावेजों की जांच में गंभीर अनियमितताएं पाई गई। नियमों की खुलेआम अनदेखी करते हुए मरीजों का उपचार किया जा रहा था, जिससे आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा था। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने मौके पर मौजूद रिकॉर्ड को खंगालते हुए संचालक के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध क्लीनिकों और बिना अनुमति संचालित हो रहे अस्पतालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। आमजन से भी अपील की गई है कि उपचार के लिए केवल अधिकृत और पंजीकृत चिकित्सा संस्थानों का ही चयन करें, ताकि किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी जोखिम से बचा जा सके।

दैनिक पब्लिक मीडिया।

## बालिका शिक्षा को मिले पंख:

# भबराना विद्यालय में 20 छात्राओं को मिली नि:शुल्क साइकिलें

झल्लारा| राज्य सरकार की 'नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना' के तहत गुरुवार को जिले के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, भबराना में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा 9 उत्तीर्ण कर चुकी 20 मेधावी छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गई, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान और भविष्य के प्रति एक नई ऊर्जा दिखाई दी। विद्यालय प्रशासन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। अब दूर-दराज के ढाणियों से आने वाली छात्राओं को पैदल नहीं चलना होगा। साइकिल मिलने से छात्राओं का समय बचेगा, जिसे वे अपनी पढ़ाई में लगा सकेंगी। यह पहल बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाकर उन्हें नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित करेगी। साइकिल वितरण के दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। रंग-बिरंगी साइकिलें पाकर छात्राओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस अवसर पर कई छात्राओं ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब वे बिना किसी थकान के समय पर स्कूल पहुँच सकेंगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शिक्षाविदों ने शिरकत की: ग्राम पंचायत प्रशासक, मंडल अध्यक्ष भवानी सिंह चौहान, वार्ड पंच अनार सिंह चौहान, वार्ड पंच मदन सिंह, नवल सिंह, निलेश कलाल। विद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्राओं के अभिभावक और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

"सरकार की यह कल्याणकारी योजना बालिका शिक्षा के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगी। जब बेटियां शिक्षित होंगी, तभी समाज और देश का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होगा।"

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार द्वारा पधारे हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया गया। शिक्षकों ने छात्राओं को संकल्प दिलाया कि वे इन साइकिलों का उपयोग अपनी शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए करेंगी और नियमित रूप से विद्यालय आकर अपने सपनों को साकार करेंगी।



रिपोर्टर नाथूलाल सालवी।



रिपोर्टर नाथूलाल सालवी

दैनिक पब्लिक मीडिया।

# भानपुर में कुएं में मिला 22 वर्षीय युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी।

झल्लारा | सलूंबर जिले के झल्लारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भानपुर में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब खेतों में स्थित एक कुएं में युवक का शव तैरता हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही झल्लारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान गौतम (22), पिता भेरा मीणा, निवासी भानपुर के रूप में हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने कुएं में शव देखा, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने बिना देरी किए मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। थाना पुलिस ने ग्रामवासियों और परिजनों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकलवाया। शव के बाहर निकलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए जिला चिकित्सालय, सलूंबर की मोर्चरी में भिजवाया। झल्लारा थाना पुलिस ने बताया कि घटना की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह दुर्घटना है या कोई अन्य कारण। पुलिस ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है और मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

# वर्दी का मान बढ़ा, सेवा का सम्मान: सलूंबर में पुलिस स्थापना दिवस पर कर्मवीरों का हुआ अभिनंदन

न्यूज | दैनिक पब्लिक मीडिया।

समारोह के दौरान एसपी विश्नोई ने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत करना भी उसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सीएलजी सदस्यों की सराहना करते हुए उन्हें पुलिस और जनता के बीच सेतु बताया गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पुलिस अधिकारियों और जवानों ने परिसर में पौधारोपण किया। इस पहल के माध्यम से हरित वातावरण बनाए रखने और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया गया।

**पुलिस-जन विश्वास, ईमानदारी, सम्मान और पर्यावरण संदेश प्रमुख रहा।**



समारोह में जिले के पुलिस अधिकारी, जवान एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने पुलिस की सेवा भावना और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।







